प्रोजेक्ट गंगा · DSP हैंडबुक

DSP स्टोर ब्रांडिंग गाइड

अपने गंगाफाइबर स्टोर की ब्रांडिंग की पूरी जानकारी: क्या छपवाना है, किस साइज़ और मटेरियल में, और काम कैसे करवाना है।

प्रोजेक्ट गंगा के अधिकृत पार्टनर्स के लिए · अक्टूबर 2026

01 शुरू करने से पहले

मास्टर फाइलें यहाँ से डाउनलोड करें

ये फोल्डर अपने वेंडर को दें। खोलने के लिए टैप करें।

DSP स्टोर ब्रांडिंग ↗ | DSP स्टेशनरी और मर्चेंडाइज़ ↗

5 नियम

1. **केवल मास्टर फाइलों का उपयोग करें।** वेंडर सिर्फ दो चीज़ें बदल सकता है: आपकी फर्म की जानकारी और साइज़।
2. **मंज़ूरी के बिना प्रिंट नहीं।** वेंडर के प्रूफ पर रीजनल टीम की लिखित मंज़ूरी ज़रूरी है।
3. **लोगो में कोई बदलाव नहीं।** लोगो को न खींचें, न उसका रंग बदलें। को-ब्रांडिंग स्ट्रिप हमेशा इसी क्रम में रहेगी: One Broadband | उ.प्र. राज्य परिवर्तन आयोग | Hinduja।
4. **केवल स्वीकृत सामग्री।** स्वीकृत टैगलाइन, मौजूदा कीमतें और 1800 210 4989 नंबर जैसे छपे हैं, वैसे ही रखें। किसी दूसरे ब्रांड का पोस्टर न लगाएं।
5. **ब्रांडिंग हमेशा नई जैसी रखें।** फीकी, फटी या पुरानी सामग्री उसी दिन बदलें।

6 चरण

1 नाप लें
दुकान के सामने की चौड़ाई, शटर के ऊपर की ऊंचाई, कांच के पैनल, और पीछे व बगल की दीवारें नापें। दुकान की फोटो लें।

2 फॉर्मेट चुनें
अपना फॉर्मेट और डिज़ाइन विकल्प तय करें (अगला पेज देखें)।

3 वेंडर को काम समझाएं
वेंडर को मास्टर फाइलें, यह गाइड, अपने नाप और फर्म की जानकारी दें: हिंदी व अंग्रेज़ी में नाम, पिन सहित पता, मोबाइल नंबर और ईमेल।

4 प्रूफ मंज़ूर करवाएं
वेंडर से मिला प्रूफ रीजनल टीम को भेजें। उनकी लिखित मंज़ूरी के बाद ही प्रिंट करवाएं।

5 ब्रांडिंग लगवाएं
काम के समय खुद मौजूद रहें। हर सामान लगवाने से पहले उसे स्वीकृत प्रूफ से मिलाएं।

6 3 दिन में 8 फोटो भेजें
दुकान का सामने का हिस्सा दिन में और रात में (लाइट जलते हुए), कांच पर ब्रांडिंग, लोगो वाली पीछे की दीवार, दोनों बगल की दीवारें, लीगल साइनेज और यूनिफॉर्म में स्टाफ।

ब्रांड के रंग

रंग	HEX	CMYK	कहाँ उपयोग होता है
केसरिया (सैफ़्रन)	#F26A21	0/73/100/0	लोगो में "गंगा", साइनेज का बायां हिस्सा, प्राइस बॉक्स
गंगा नेवी	#1E2B5E	100/85/25/25	साइनेज का दायां हिस्सा, स्टैंडी, T-शर्ट
फाइबर ब्लू	#167FB8	84/43/7/0	"fiber", Wi-Fi आइकन, हेडिंग

रंग हमेशा मास्टर फाइल से ही लें। ये कोड केवल प्रूफ जांचने के लिए हैं।

02 आपका स्टोर फॉर्मेट

फॉर्मेट	दुकान का साइज़	क्या लगेगा
ग्रामीण	8 × 10 फीट	ज़रूरी: ग्लो साइन टॉप साइनेज, स्टैंडी, काउंटर लोगो, लीगल साइनेज, 2–3 A4 प्लान पोस्टर
अर्ध-शहरी	10 × 12 फीट	ग्रामीण सूची + दीवारों पर ब्रांडिंग। कांच पर ब्रांडिंग और अन्य आइटम केवल तभी, जब स्टोर के लेआउट में जगह हो
शहरी · एक्सपीरियंस सेंटर	12 × 15 फीट	स्टोर गंगाफाइबर एक्सपीरियंस सेंटर जैसा दिखे: हर उपलब्ध दीवार पर ब्रांडिंग, सामने कांच हो तो उस पर ब्रांडिंग, आरामदायक वेटिंग एरिया। TV डेमो स्क्रीन ज़रूरी नहीं है

अर्ध-शहरी और शहरी स्टोर में अतिरिक्त ब्रांडिंग, स्टोर के फॉर्मेट और उपलब्ध जगह पर निर्भर करती है। अंतिम सूची प्रूफ के समय रीजनल टीम के साथ तय करें।



- ग्रामीण (8 × 10 फीट): टॉप साइनेज के दो स्वीकृत लेआउट



- अर्ध-शहरी: दोनों कांच पैनल पर ब्रांडिंग (बाएं) या एक पैनल + स्टैंडी (दाएं)

03 स्टोर का लुक



- अर्ध-शहरी स्टोर: अंदर का लुक



- शहरी एक्सपीरियंस सेंटर: अंदर का लुक (TV ज़रूरी नहीं)



- शहरी एक्सपीरियंस सेंटर: बाहर का लुक (DSP का नाम एक लाइन में भी स्वीकृत है)

04 स्टोर ब्रांडिंग: साइज़ और मटेरियल

मास्टर फाइलें: DSP स्टोर ब्रांडिंग ↗

ब्रांडिंग आइटम	साइज़	मटेरियल	कहाँ लगेगा
टॉप साइनेज (बैकलिट)	दुकान के सामने के हिस्से की पूरी चौड़ाई	ग्लो साइन बोर्ड: लोहे के पाइप का स्ट्रक्चर बॉक्स, पाउडर कोटेड शीट, बैकलिट फ्लेक्स (680 GSM), लाइटें	बोर्ड का निचला किनारा ज़मीन से कम से कम 8 फीट ऊपर
दीवारों पर ब्रांडिंग	स्टोर के साइज़ और दीवार की जगह के अनुसार (डिज़ाइन का अनुपात वही रखें)	सनबोर्ड पर इको-सॉल्वेंट विनाइल (140 GSM)	फर्श से 3 से 8 फीट के बीच
काउंटर लोगो	दीवार की चौड़ाई का एक-तिहाई (3–5 फीट)	सनबोर्ड कट-आउट पर इको-सॉल्वेंट विनाइल (140 GSM)	सादी सफेद दीवार पर; लोगो का बीच का हिस्सा 5.5 फीट की ऊंचाई पर
स्टैंडी	3 × 6 फीट (चौड़ाई × ऊंचाई)	फ्लेक्स (440 GSM)	दिन में दरवाज़े के पास, रात में अंदर
बगल का कांच पैनल	कांच के पैनल के साइज़ के अनुसार, अगर सामने कांच है	वन-वे विज़न विनाइल	केवल फिक्स्ड पैनल पर। दरवाज़े का कांच खाली रखें
लीगल साइनेज	A3	3 mm एक्रेलिक पर UV प्रिंट, या 5 mm सनबोर्ड	काउंटर के पास, आंखों की ऊंचाई पर

दुकान डिज़ाइन से ज़्यादा चौड़ी है?
सिर्फ सादे केसरिया और नेवी हिस्से को बढ़ाएं। लोगो वाला गोला बीच में रहे और खिंचे नहीं। चौड़ाई 7 फीट से कम हो तो रीजनल टीम से छोटा (कॉम्पैक्ट) लेआउट मांगें।

ग्लो साइन की सुरक्षा
लाइटों की वायरिंग अलग MCB और अर्थिंग के साथ करवाएं। बोर्ड के लिए नगर निगम / पालिका का कोई शुल्क लगता है या नहीं, पहले पता कर लें।



- टॉप साइनेज का डिज़ाइन। डैश वाले बॉक्स में आपके DSP का नाम आएगा (ऊपर हिंदी, नीचे अंग्रेज़ी)


05 स्वीकृत डिज़ाइन: स्टोर ब्रांडिंग




- स्टैंडी विकल्प 1: दरवाज़े के लिए



- स्टैंडी विकल्प 2: काउंटर के पास



- लीगल साइनेज: अपने DSP की जानकारी भरें



- कांच पर ब्रांडिंग: विकल्प 1 (बाएं) और विकल्प 2 (दाएं)

06 स्वीकृत डिज़ाइन: स्टोर ब्रांडिंग






- दीवारों पर ब्रांडिंग: विकल्प 1 और 2

OPTION 3



OPTION 4



- दीवारों पर ब्रांडिंग: विकल्प 3 और 4

सुझाव
लंबी बगल वाली दीवार पर विकल्प 3 और सामने की दीवार पर विकल्प 4 लगाएं। साइज़ बदलते समय डिज़ाइन का अनुपात वही रखें।

07 प्रिंट, यूनिफॉर्म और स्टेशनरी

मास्टर फाइलें: **DSP स्टेशनरी और मर्चेंडाइज़ ↗**

सामान	मटेरियल	साइज़
फ्लायर	100 / 120 GSM	A5
पोस्टर (ऊपर व नीचे चिपकाने वाली पट्टी)	170 GSM	A4
बिज़नेस कार्ड	350 GSM ग्लॉसी	3.619 × 2.125 इंच
लॉग बुक (4)	कवर: 100 GSM रंगीन। अंदर के पेज: 75 GSM ब्लैक एंड व्हाइट	A4
चालान (कार्बन कॉपी सहित)	100 GSM	8.26 × 5.82 इंच
T-शर्ट	कॉलर वाली T-शर्ट, नेवी ब्लू, कॉटन, 250 GSM	मीडियम / लार्ज
कैप	कॉटन	54–58 सेमी
सेफ्टी जैकेट	पॉलिएस्टर रिफ्लेक्टिव सेफ्टी जैकेट	मीडियम / लार्ज / XL
छाता	पॉलिएस्टर, ट्राइपॉड स्टैंड सहित	7 × 7 फीट
डायरी और पेन	A5 काली PU डायरी, लोगो सहित; काला मेटल पेन, जिस पर "GANGAFIBER" उकेरा हो	–

फ्लायर और पोस्टर
नीचे दी गई खाली पट्टी में अपनी फर्म के नाम और मोबाइल नंबर की मोहर लगाएं। कीमतें हाथ से कभी न सुधारें; कीमत बदलने पर नए छपवाएं।

रिकॉर्ड
हर भुगतान पर चालान दें और उसका नंबर लॉग बुक 4 में लिखें। केवल पेन से लिखें।

मौजूदा प्लान

प्लान	स्पीड	₹/माह (GST सहित)	OTT ऐप्स
गंगा फर्स्ट	50 Mbps	399	10*
गंगा प्लस	50 Mbps	481	12
गंगा कनेक्ट+	100 Mbps	589	13
गंगा प्रो	300 Mbps	943	13
गंगा एलीट	1 Gbps	1179	13

सभी प्लान में 100+ TV चैनल हैं। *गंगा फर्स्ट में OTT ऐप्स केवल 3, 6 या 12 माह के प्लान के साथ मिलते हैं।

08 स्वीकृत डिज़ाइन: फ्लायर



- ऑल-इन-वन फ्लायर, विकल्प 1



- ऑल-इन-वन फ्लायर, विकल्प 2



- गंगा फर्स्ट · 50 Mbps · ₹399



- गंगा प्लस · 50 Mbps + OTT · ₹481



- गंगा कनेक्ट+ · 100 Mbps · ₹589



- गंगा प्रो · 300 Mbps · ₹943

09 स्वीकृत डिज़ाइन: स्टेशनरी



- गंगा एलीट · 1 Gbps · ₹1179



- बिज़नेस कार्ड: आगे और पीछे




- लॉग बुक का कवर



- लॉग बुक 1: लीड · लॉग बुक 2: शिकायत



- लॉग बुक 3: इंस्टॉलेशन · लॉग बुक 4: भुगतान



- रसीद / चालान

10 यूनिफॉर्म और अंतिम जांच



- स्टाफ T-शर्ट



- सेफ्टी जैकेट (फील्ड टेक्नीशियन के लिए)





- डायरी और पेन

वेंडर को भुगतान से पहले जांचें

- [ ] फर्म का नाम, पता, मोबाइल नंबर और ईमेल सही लिखे हैं
- [ ] लोगो खिंचे हुए नहीं हैं; को-ब्रांडिंग स्ट्रिप पूरी है और सही क्रम में है
- [ ] केसरिया रंग लाल नहीं और नेवी रंग काला नहीं दिखता
- [ ] मटेरियल और GSM इस गाइड के अनुसार हैं; वेंडर से मटेरियल का लेबल मांगें
- [ ] कीमतें और T&C मौजूदा मास्टर फाइल से मिलती हैं; QR कोड स्कैन होते हैं
- [ ] साइज़ आपके नाप से मिलता है, कुछ कटा नहीं है; कोई धुंधलापन, बुलबुले या ढीले तार नहीं हैं
- [ ] रीजनल टीम की लिखित मंज़ूरी संभाल कर रखी है

गंगा fiber

Broadband powered by one

कोई सवाल है या मास्टर फाइलें चाहिए?

अपनी रीजनल / सर्कल टीम से संपर्क करें।

कस्टमर केयर 1800 210 4989 · www.gangafiber.in

मास्टर फाइलें यहाँ से डाउनलोड करें

DSP स्टोर ब्रांडिंग ↗

DSP स्टेशनरी और मर्चेंडाइज़ ↗